रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 434] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जून 28, 2018/आषाढ़ 7, 1940
No. 434] NEW DELHI, THURSDAY, JUNE 28, 2018/ASHADHA 7, 1940

## वित्त मंत्रालय

**(आर्थिक कार्य विभाग)**

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 28 जून, 2018

**सा.का.नि. 592(अ).**—केंद्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उप-धारा (2) के खंड (घ) और (ङ.) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थातः—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.—**(1) इन नियमों का नाम सिक्का निर्माण (प्रशांत चंद्र महालनोबिस की 125वीं जयंती" के अवसर पर स्मारक सिक्के जारी करना) नियम, 2018 है।

   (2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **सिक्कों का अंकित मूल्य**.—**"प्रशांत चंद्र महालनोबिस की 125वीं जयंती"** के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए केन्द्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने के लिए टकसाल में निम्नांकित अंकित मूल्य के सिक्कों का निर्माण किया जाएगा, नामत:

   **(1) एक सौ पच्चीस रुपये;**

   (2) **पांच रुपये**

3. **सिक्कों की विमाएं और संरचना**.—नियम 2 में उल्लिखित अंकित मूल्य के सिक्के निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होंगे, अर्थात :—

| सिक्के का अंकित मूल्य | आकृति और बाह्य व्यास | दांतों की संख्या | धातु संरचना |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| एक सौ पच्चीस रुपये | वृत्ताकार<br>44 मिलीमीटर | 200 | **चतुर्थक मिश्र धातु**<br>रजत– 50 प्रतिशत<br>तांबा – 40 प्रतिशत<br>निकल – 05 प्रतिशत<br>जस्ता – 05 प्रतिशत |

| | | | |
|---|---|---|---|
| पांच रुपये | वृत्ताकार<br>23 मिलीमीटर | 100 | **निकल पीतल**<br>तांबा – 75 प्रतिशत<br>जस्ता – 20 प्रतिशत<br>निकल – 05 प्रतिशत |

4. **डिज़ाइन.—**सिक्कों का डिज़ाइन इन नियमों की पहली अनुसूची में निर्दिष्ट किए अनुसार होगा।

5. **मानक वजन तथा अनुज्ञात छूट**.—प्रशांत चंद्र महालनोबिस की 125वीं जयंती मनाने के लिए उपर्युक्त अंकित मूल्य के बनाए गए एक सौ पच्चीस रुपये और पांच रुपये के सिक्के का मानक वजन और ऐसे सिक्कों को बनाने में अनुज्ञात छूट वह होगी जो इन नियमों की दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट होगी।

**पहली अनुसूची**

**(नियम 4 देखें)**

**(i) एक सौ पचीस रुपये**

**अग्र भाग**

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** उत्कीर्णित होगा, उसकी बायीं परिधि पर देवनागरी लिपि में "**भारत**" शब्द और दायीं परिधि पर अंग्रेजी में **"**INDIA**"** शब्द होगा। सिंह शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक **"₹"** और अंतरराष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"125"** भी होगा ।

**पृष्ठ भाग**

सिक्के के इस भाग पर मध्य में **"**प्रशांत चंद्र महालनोबिस**"** का चित्र होगा तथा क्रमश: सिक्के की ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"125वीं जयंती"** और **"प्रशांत चंद्र महालनोबिस"** तथा सिक्के की निचली बायीं तथा निचली दायी परिधि पर अंग्रेजी में **"125th Birth ANNIVERSARY" तथा "PRASANTA CHANDRA MAHALANOBIS"** उत्कीर्णित होगा, **"प्रशांत चंद्र महालनोबिस"** के चित्र के नीचे अंतर्राष्ट्रीय अंकों में वर्ष 1893-1972 अंकित होगा तथा वर्ष 1893-1972 के नीचे भारतीय सांख्यिकी संस्थान का चिह्न अंकित होगा।

**(ii) पांच रुपये**

**अग्र भाग**

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** उत्कीर्णित होगा, उसकी बायीं परिधि पर देवनागरी लिपि में "**भारत**" शब्द और दायीं परिधि पर अंग्रेजी में **"**INDIA**"** शब्द होगा। सिंह शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक **"₹"** और अंतरराष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"5"** भी होगा ।

**पृष्ठ भाग**

सिक्के के इस भाग पर मध्य में **"**प्रशांत चंद्र महालनोबिस**"** का चित्र होगा तथा क्रमश: सिक्के की ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"125वीं जयंती"** और **"प्रशांत चंद्र महालनोबिस"** तथा सिक्के की निचली बायीं तथा निचली दायीं परिधि पर अंग्रेजी में **"125th Birth ANNIVERSARY" तथा "PRASANTA CHANDRA MAHALANOBIS"** उत्कीर्णित होगा, **"प्रशांत चंद्र महालनोबिस"** के चित्र के नीचे अंतर्राष्ट्रीय अंकों में वर्ष 1893-1972 अंकित होगा तथा वर्ष 1893-1972 के नीचे भारतीय सांख्यिकी संस्थान का चिह्न अंकित होगा।

**दूसरी अनुसूची**

**(नियम 5 देखें)**

| सिक्के का अंकित मूल्य | मानक वजन | अनुमत छूट | |
|---|---|---|---|
| | | संघटन में | मानक वजन में |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| एक सौ पच्चीस रुपये | 35 ग्राम | रजत में 1/500वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात रजत के अंश में प्रति 1000 में 498 से 502 तक का अंतर हो सकेगा । | 1/100वां जमा या घटा अर्थात वजन 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम के बीच हो सकता है । |
| पांच रुपये | 6 ग्राम | तांबा और जस्ता के लिए 1/100वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात तांबा 74 प्रतिशत से 76 प्रतिशत | 1/40वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात वजन 5.85 ग्राम से 6.15 ग्राम के बीच हो सकता |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | और जस्ता में 19 प्रतिशत से 21 प्रतिशत तक हो सकता है तथा निकल के लिए 1/200वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात निकल 4.5 प्रतिशत से 5.5 प्रतिशत तक हो सकता है। | है। |

[फा. सं. 02/02/2017-सिक्का]

ईप्सिता मित्रा, अवर सचिव

**MINISTRY OF FINANCE**

**(Department of Economic Affairs)**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 28th June, 2018

**G.S.R. 592(E).—**In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of section 24 of the Coinage Act, 2011 (11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely:—

1. **Short title and commencement.—**(1) These rules may be called the Coinage (Issue of Commemorative coins on the occasion of 125th Birth Anniversary of Prasanta Chandra Mahalanobis) Rules, 2018.

   (2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Denomination of Coins.—**The coins of the following denominations shall also be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government to commemorate the occasion of 125th Birth Anniversary of Prasanta Chandra Mahalanobis, namely:—

   (1) One Hundred Twenty Five Rupees;

   (2) Five Rupees

3. **Dimension and composition of coins.**—The coins of the above denominations mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely:—

| Denomination of the coin | Shape and outside diameter | Number of Serrations | Metal Composition |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| One Hundred Twenty Five Rupees | Circular 44 millimeter | 200 | **Quaternary Alloy**<br>Silver - 50 Per cent<br>Copper - 40 Per cent<br>Nickel - 05 Per cent<br>Zinc - 05 Per cent |
| Five Rupees | Circular 23 millimeter | 100 | **Nickel Brass**<br>Copper - 75 Per cent<br>Zinc - 20 Per cent<br>Nickel - 05 Per cent |

4. **Design.**—The design of the coins shall be as specified in the First Schedule to these rules**.**

5. **Standard weight and remedy allowed.—**The standard weight of the coins of One Hundred Twenty Five Rupees and Five Rupees coined to commemorate the occasion of 125th Birth Anniversary of Prasanta Chandra Mahalanobis and the remedy allowed in making of such coins shall be as specified in the Second Schedule to these rules.

**First Schedule**

**(See rule 4)**

**(i) ONE HUNDRED TWENTY FIVE RUPEES**

OBVERSE:

This face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend "सत्यमेव जयते" inscribed below, flanked on the left periphery with the word " भारत " in Devnagari script and on the right periphery with the word "INDIA" in English and it shall also bear the Rupee symbol "₹" and denominational value "**125**" in International Numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

This face of the coin shall bear the portrait of "PRASANTA CHANDRA MAHALANOBIS" in the centre with the inscription "125वीं जयंती" and "प्रशांत चंद्र महालनोबिस" on upper left and upper right periphery of the coin in Devnagari script and the inscription "125th BIRTH ANNIVERSARY" and "PRASANTA CHANDRA MAHALANOBIS" shall be on the Lower left and lower right periphery of the coin respectively. The year 1893-1972 in International numerals shall be written below the portrait of "Prasanta Chandra Mahalanobis" and the symbol of "Indian Statistical Institute" shall be inscribed below the year 1893-1972.

**(ii) FIVE RUPEES**

OBVERSE:

This face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend "सत्यमेव जयते" inscribed below, flanked on the left periphery with the word " भारत " in Devnagari script and on the right periphery with the word "INDIA" in English. It shall also bear the Rupee symbol "₹" and denominational value "**5**" in International Numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

This face of the coin shall bear the portrait of "PRASANTA CHANDRA MAHALANOBIS" in the Centre with the inscription "125वीं जयंती" and "प्रशांत चंद्र महालनोबिस" on upper left and upper right periphery of the coin in Devnagari script. The inscription "125th BIRTH ANNIVERSARY" and "PRASANTA CHANDRA MAHALANOBIS" shall be on the Lower left and lower right periphery of the coin respectively. The year 1893-1972 in International numerals shall be written below the portrait of "Prasanta Chandra Mahalanobis" and the symbol of "Indian Statistical Institute" shall be inscribed below the year 1893-1972.

**Second Schedule**

**(See Rule 5)**

| Denomination of coin | Standard Weight | Remedy Allowed | |
|---|---|---|---|
| | | In composition | In Standard Weight |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| One Hundred Twenty Five Rupees | 35 Grams | 1/500th plus or minus for silver, that is to say the Silver content may vary from 498 to 502 per 1000. | 1/100th plus or minus that is to say weight could vary from 34.65 grams to 35.35 grams. |
| Five Rupees | 6 Grams | 1/100th plus or minus for Copper and Zinc, that is to say Copper could vary from 74 per cent to 76 per cent and Zinc from 19 per cent to 21 per cent and 1/200th plus and minus for Nickel that is to say Nickel could vary from 4.5 per cent to 5.5 per cent. | 1/40th plus or minus, that is to say, the weight could vary from 5.85 grams to 6.15 grams. |

[F. No. 02/02/2017-Coin]

IPSITA MITRA, Under Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

ALOK KUMAR Digitally signed by ALOK KUMAR Date: 2018.06.28 19:24:59 +05'30'